(b) The budget provision was Rs. 535.60 lakhs for the Festivals of India in France and USA. The expenditure was Rs. 526.81 lakhs.

(c) The expenditure on these Festivals was well within the budget provision.

(d) Does not arise.

कलकत्ता-पटना-इलाहाबाद के बीच गंगा नदी में नावों/जहाजों का चलाया जाना

1014. **श्री अश्विनी कुमार :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार कलकत्ता–पटना इलाहाबाद के बीच, गंगा नदी में नावों/जहाजों को चलाये जाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है ;

(ख) इस जलमार्ग के कब तक चालू किये जाने की संभावना है और इस रूट पर इस्तेमाल किये जाने वाली नावों / जहाजों की क्षमता कितनी होगी ; और

(ग) इस रूट के चालू हो जाने पर कितनी मात्रा में माल ढोये जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) केन्द्रीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, कलकत्ता ने 600 टन की बाज क्षमता के साथ कलकत्ता और पटना के बीच नदी सेवाओं का प्रचालन शुरू कर दिया है। इस सेवा को पटना से आगे इलाहाबाद तक बढ़ाना तभी सम्भव हो पाएगा जब इस खण्ड पर पूरे वर्ष नौगम्यता बन जाए जिसके लिए एक प्रायोगिक परियोजना चालू कर दी गई है।

(ग) इस बारे में किए गए अध्ययन से 1991 तक 40 लाख टन ट्रैफिक का अनुमान लगा है।

सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिए मानदण्ड

1015. **श्री अश्विनी कुमार :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिये जनसंख्या कारक है; यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिये जनसंख्या को किस हद तक मानदण्ड माना जाता है और राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिये अन्य मानदण्ड कौन-कौन से हैं ;

(ख) उन सड़कों के नाम क्या हैं जो राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिए इस समय सरकार के विचाराधीन हैं अथवा अनुमोदन के अन्तिम चरण में हैं ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान देश में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर कितनी धनराशि खर्च की गयी है और वे कुल कितने किलोमीटर है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) (क) सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में किसी क्षेत्र/रीजन/आबादी अथवा राज्य स्तर के आधार पर घोषित नहीं किया जाता है बल्कि पूरे देश को ध्यान में रख कर ऐसा किया जाता है । राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने के मानदण्ड निम्नलिखित हैं—

(i) ऐसी सड़कें जो देश की लम्बाई और चौड़ाई को नाप लेती हैं,

(ii) साथ के देशों को जोड़ने वाली सड़कें,

(iii) राज्यों की राजधानियों को जोड़ने वाली सड़कें,

(iv) महापत्तनों और महत्वपूर्ण औद्योगिक अथवा पर्यटक केन्द्रों को जोड़ने वाली सड़कें